अमर उजाला
© 2014 Amar Ujala Publications Ltd.

रिलायंस की नई बीमा योजना

नई दिल्ली। रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस ने एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग जीवन बीमा योजना लांच की है, जो पीरियोडिक, गारंटीड और इनक्रीमेंटल मनी बैक के साथ संपूर्ण बीमा अवधि में लाइफ कवर देती है। कंपनी के मुख्य एजेंसी अधिकारी मनोरंजन साहू ने कहा कि इनक्रीजिंग मनी बैक प्लान की डिजाइन इस आधार पर की गई है, ताकि बीमा धारकों को नियमित अंतराल पर गारंटीड आय और परिवार के लिए निश्चित वित्तीय सुरक्षा हासिल हो। नई योजना 15 से 55 वर्ष तक के ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।